सागवाडा लाईव न्यूज़

सुचना-

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

E- paper | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 01 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

1 अक्टूबर 2025 बुधवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २१ | ● पृष्ठ ०१ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in

रतनपुर बोर्डर पर ऑपरेशन स्वच्छता के तहत 40 लाख की शराब जब्त

कंटेनर चालक को किया गिरफ्तार

संवाददाता/ सागवाड़ा लाईव न्यूज़

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार (IPS) के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन स्वच्छता" के तहत पुलिस चौकी रतनपुर ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एनएच-48 पर नाकाबंदी के दौरान एक अशोक लीलैंड बंद बॉडी कंटेनर को रोककर तलाशी ली। कंटेनर की कूलर बॉडी की आड़ में चंडीगढ़ निर्मित 352 कार्टन अंग्रेजी शराब भरे मिले, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से कंटेनर चालक कालूसिंह (35) पुत्र देवीसिंह राठौड़, निवासी केरिंगजी का खेड़ा, थाना केलवा, जिला राजसमंद को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरी कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा और उप पुलिस अधीक्षक तपेन्द्र मीणा के निर्देशन में, थाना बिछीवाड़ा के थानाधिकारी कैलाशचंद्र सोनी के नेतृत्व में की गई। इस कार्यवाही मऊ गोविन्द सिंह, हैडकॉन्स्टेबल चौकी प्रभारी रतनपुर, जोगेंद्र सिंह कॉस्टेबल, फतहलाल, कॉस्टेबल युवराज सिंह कॉस्टेबल, कपिल कॉस्टेबल का का सराहनीय सहयोग रहा। थाना अधिकारी कैलाश चंद्र सोनी ने मंगलवार शाम 5:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई जा रही थी और किसे सप्लाई की जानी थी। प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई पुलिस की "ऑपरेशन स्वच्छता" मुहिम की अब तक की बड़ी सफलता मानी जा रही है।

दुर्गा अष्टमी पर आशापुरा शक्तिपीठ में उमड़ा दर्शनार्थियों का जनसैलाब

माता जी की प्रतिमा का किया विशेष श्रृंगार

शक्ति आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि की दुर्गाष्टमी पर मंगलवार को साबला उपखंड के आशापुरा शक्तिपीठ पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए। सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं। प्रसिद्ध आशापुरा शक्तिपीठ पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। माता के दर्शन के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं और धार्मिक अनुष्ठानों का दौर जारी रहा। दुर्गाष्टमी को लेकर आशापुरा शक्तिपीठ, शीतला माता मंदिर और चामुंडा माता मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। मंदिर कमेटी के प्रतिनिधि राज सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुर संभाग सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु तड़के से ही आने लगे थे। कई श्रद्धालु किलोमीटरों तक नंगे पांव पैदल चलकर भी पहुंचे आशापुरा धाम पर पहुंचे।आज मां आशापुरा का स्वर्ण आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर कमेटी सदस्यों सहित पुलिस बल ने सुरक्षा, शांति और अन्य व्यवस्थाओं को मुस्तैदी के साथ संभाला। धाम पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विश्व कल्याण के लिए महायज्ञ जारी है, जिसकी पूर्णाहुति नवमी को होगी। जिले के प्रमुख साबला अंबिका चौक, रीछा कल्याण धाम सहित विभिन्न शक्तिपीठों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बनी रही।

भुवाणा बालेश्वरी माता मंदिर में 51 लाख 51 हजार 551 रुपए की नोटों से श्रृंगार

उदयपुर जिले में नवरात्र महोत्सव की भव्य छटा

सागवाड़ा लाईव न्यूज़ ब्युरो रिपोर्ट

उदयपुर सागवाड़ा लाईव न्यूज़। शारदीय नवरात्र महोत्सव के अवसर पर शहर और जिले के मंदिरों में भक्तिभाव और आस्था का अनूठा रंग देखने को मिल रहा है। उदयपुर शहर के भुवाणा स्थित बालेश्वरी माता मंदिर में इस बार माता रानी और दरबार का भव्य श्रृंगार 51 लाख 51 हजार 551 रुपए की मुद्रा से किया गया। मंदिर में 50, 100, 200 और 500 रुपए के नोटों से सजाई गई इस झांकी को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता रानी का यह अद्भुत श्रृंगार देख अभिभूत होकर भक्ति भाव प्रकट किया।बालेश्वर नवयुवक मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले चार वर्षों से नवरात्र पर नोटों की आंगी धरने की परंपरा निभाई जा रही है।पहले वर्ष 11 लाख 11 हजार 111 रुपए, दूसरे वर्ष 21 लाख 21 हजार 121 रुपए, तीसरे वर्ष 31 लाख 31 हजार 131 रुपए, और इस वर्ष चौथे वर्ष 51 लाख 51 हजार 551 रुपए से माता का श्रृंगार किया गया ।वल्लभनगर क्षेत्र के अमरपुरा खेड़ा खूट गांव में 1101 दीपों से महाआरती उधर जिले के वल्लभनगर क्षेत्र के अमरपुरा के खेड़ा खूट गांव स्थित माता मंदिर में अष्टमी के अवसर पर 1101 दीपकों से माता रानी की महाआरती की गई। इस अवसर पर आसपास के 30 गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद सहित देश-विदेश से लौटे प्रवासी भी विशेष रूप से इस महाआरती में भाग लेने पहुंचे। सेवक ऊंकारलाल जाट ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर प्रांगण में भक्ति कार्यक्रम चलते हैं, जिनमें सुबह-शाम आरती, भजन-कीर्तन, झांकी और डांडिया महोत्सव प्रमुख आकर्षण रहते हैं। उदयपुर जिले के मंदिरों में नवरात्र का उत्सव इस बार और भी भव्यता और आस्था से मनाया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

छोटी नसिया जी का बदलेगा स्वरूप

छोटी नसिया जी के विकास की योजना पर समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

सागवाड़ा लाईव न्यूज़। आचार्य शांति सागर जी छानी आर्यिका विचित्रा श्री माताजी समाधि निर्माण समिति की प्रथम बैठक रविवार को छोटी नसिया जी पर सम्पन्न हुई। बैठक में महेश जी सेठ 18000 दशा हूँमड़ समाज अध्यक्ष दिनेश जी खोड़निया, समस्त ट्रस्टीगण एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजजन एवं सेठ साहब ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। नव नियुक्त अध्यक्ष आदिश खोड़निया ने विकास योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्य द्वार से लेकर सभी समाधि स्थलियों के सामने से होते हुए नसिया जी परिसर के चारों ओर सीसी सड़क निर्माण होगा। परिसर स्थित सभी गुरुओं की समाधियों की मरम्मत (रिपेयरिंग) कराई जाएगी। छोटी नसिया की दोनों प्राचीन छतरियों का जीर्णोद्धार होगा। नसिया जी के ऊपरी भाग तक पहुँचने हेतु नई सीढ़ियाँ बनाई जाएँगी तथा सामने आकर्षक गार्डन विकसित किया जाएगा। भविष्य में नई समाधि के लिए स्थल अंकन व्यवस्था की जाएगी। मुख्य द्वार का निर्माण कर पूरे क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए बवंड्री दीवार बनाई जाएगी। समाज अध्यक्ष दिनेश खोड़निया, प्रतिनिधि शरद बोबड़ा, ट्रस्टी अश्विन बोबड़ा, वरिष्ठजन नटवर लाल मुंशी सहित कई गणमान्यजनों ने भी विकास हेतु अपने सुझाव रखे। इस अवसर पर महासचिव अशोक जी जैन, पूर्व ट्रस्टी राजमल जी शाह, केशरीमल जी शाह, नरेंद्र जी खोड़निया, गजेंद्र जी शाह, महेंद्र जी शाह, बदामीलाल जी खोड़निया, ट्रस्टी संतोष जी, रिनेश जी, दिनेश जी मेहता सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी ने मिलकर परिसर का अवलोकन किया और संकल्प लिया कि जल्द ही विकास कार्यों की शुरुआत की जाएगी।

रातापानी में सुने मकान से नकबजनी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ थाना रामसागड़ा पुलिस ने "ऑपरेशन शिकंजा" के तहत रातापानी गांव में हुए नकबजनी प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल मशरूका बरामद किया है।प्रार्थी गिरीश रोत निवासी रातापानी ने 23 सितम्बर को रिपोर्ट दी थी कि 14 सितम्बर की रात उसके घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने अलमारियों से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। सुपरविजन में गठित टीम ने लगातार मुखबिरों से संपर्क व तकनीकी जानकारी के आधार पर आरोपी विरमल उर्फ विमल (22) निवासी रातापानी को 28 सितम्बर को दबोचा। पूछताछ में उसने वारदात कबूल करते हुए साथी गोपाल उर्फ गोपालकृष्ण (25) निवासी नवाघरा, थाना चौरासी का नाम उजागर किया। 29 सितम्बर को गुजरात से चोरी की गई स्कूटी सहित गोपाल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गोपाल ने आभूषण खरीदने और उन्हें अपने अन्य साथियों को देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सोने-चांदी के आभूषण (कड़े, अंगूठी) गुजरात से चोरी की गई स्कूटी (जिसकी FIR वस्त्रापुर थाने में दर्ज थी) बरामद की है। विरमल उर्फ विमल : रामसागड़ा, बिछीवाड़ा व गुजरात में चोरी-नकबजनी के 6 से अधिक मामले दर्ज। गोपाल उर्फ गोपालकृष्ण : डूंगरपुर, रामसागड़ा व चौरासी में मारपीट, नकबजनी व चोरी के 5 से अधिक प्रकरण दर्ज। इसी साल डूंगरपुर कोतवाली से आईफोन व स्कूटी चोरी और हत्या प्रकरण में सबूत नष्ट करने पर भी गिरफ्तार हो चुका है। दोनों अभियुक्तों ने कबूल किया कि उन्होंने चोरी सिर्फ मौज-मस्ती और पार्टियों के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से की थी।

गोविंद गुरु की जन्मस्थली धूनी मगरी धाम बांसिया में वाडी विसर्जन कार्यक्रम, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ सीमलवाड़ा, गुणवंत कलाल- शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मंगलवार को गोविंद गुरु महाराज की जन्मस्थली ग्राम पंचायत बांसिया स्थित धूनी मगरी धाम पर भव्य वाडी विसर्जन एवं सामूहिक हवन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्रभर से उमड़े श्रद्धालुओं ने शक्ति की देवी की आराधना करते हुए सामूहिक रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में गिरवर गिरी महाराज, अजमल गिरी, नारायण गिरी और प्रेम गिरी महाराज के सानिध्य में हवन, भजन-कीर्तन और महाआरती के आयोजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु जयकारों और देवी भक्ति में डूबे रहे। वहीं मड़ी मगरी धाम पर करण गिरी महाराज के सानिध्य में वाडी विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गिरवर गिरी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि गोविंद गुरु महाराज ने शक्ति की देवी की आराधना से ही जनजाति समाज में चेतना जगाई और समाज सुधार की भक्ति आंदोलन की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि शक्ति और भक्ति प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर है।वाडी विसर्जन से पूर्व गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पुरुष सिर पर वाडियां लेकर शामिल हुए। इसके बाद सौर वांगा भादर नाले में विधिवत वाडी विसर्जन किया गया। वहीं मड़ी मगरी धाम बांसिया में भी गजेबाजे के साथ वाडी विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर करण गिरी महाराज के सानिध्य में शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसादी का लाभ लिया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने बताया कि हर वर्ष धूनी मगरी धाम पर आयोजित होने वाला यह आयोजन समाज में एकता और भक्ति का संदेश देता है।

त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में अष्टमी पर हवन, कन्या पूजन

चांदी की पालकी में नगर भ्रमण कराया

बांसवाड़ा सागवाड़ा लाईव न्यूज़| प्रसिद्ध देवी तीर्थ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र महोत्सव की अष्टमी धूमधाम से मनाई गई। ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष धूलजी भाई व महामंत्री नटवर पंचाल ने बताया कि सुबह 4 बजे मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए और 5 बजे मंगला आरती हुई।हजारों भक्त मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे। प्रातः 11:30 बजे माता रानी को चांदी की पालकी में बिठाकर बैंड बाजा और जयकारों के साथ नगर भ्रमण कराया गया, जिसमें युवाओं ने गरबा खेलकर माता रानी को नगर भ्रमण कराया। त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में हवन और कन्या पूजन भी संपन्न हुआ। आचार्य निकुंज मोहन पंड्या के मार्गदर्शन में विधि-विधानपूर्वक हवन किया गया। मुख्य यजमान विनोद और जयंती लाल पंचाल रहे, जिन्होंने आहुति देकर परिवार, समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि अष्टमी के इस आयोजन में जिलेभर, वागड़ क्षेत्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र व देश के अन्य हिस्सों से भक्त पहुंचते हैं। प्रशासन के सहयोग से व्यवस्थाएं पूरी की गईं। कार्यक्रम में ट्रस्ट मंडल के संरक्षक सदस्य प्रताप, गंगाराम बिलोदा, कारीलाल, दिनेश, राजेंद्र प्रसाद, कांतिलाल, लक्ष्मण परतापुर, मनालाल अशोक, लक्ष्मण, अंबालाल, देवीलाल पारसोल,लक्ष्मण भिलूड़ा, हीरालाल जागेश कीरत पांचाल हरीश चौदह चौखरो के सुरेंद्र बांसवाड़ा, सूरजमल परतापुर, देवीलाल पथोक, प्रदीप मय्यड़, चिरंजीत डूंगरपुर, देवीलाल सागवाड़ा, कचरूलाल खमेरा, घनश्याम, पंकज, जगदीश, ईश्वर, राजेश, सुंदर लाल, चौदह चौखरो के अध्यक्ष समस्त केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी आदि मौजूद रहे दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु।

कंसारा समाज का 10 दिवसीय नवरात्रि महोत्सव चरम पर

सागवाड़ा लाईव न्यूज़। पुनरवास कॉलोनी स्थित श्री महाकाली माता मंदिर में कंसारा समाज की ओर से इस वर्ष भव्य एवं धार्मिक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समाज अध्यक्ष मनोज आर. कंसारा ने बताया कि पूरे दस दिनों तक माँ महाकाली की विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। प्रतिदिन माता को नए वस्त्र एवं विशेष श्रृंगार अर्पित किए जाते हैं, जिससे माँ का सजा-संवरा दिव्य स्वरूप दर्शन हेतु उपस्थित भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता है। महोत्सव के दौरान प्रत्येक रात्रि गरबा-रास का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें समाज के युवा, महिलाएँ और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर विशेष पूजन एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विधि-विधानपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन एवं भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था कंसारा समाज द्वारा की जा रही है। समाज सचिव विनय कंसारा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रद्धा, भक्ति और समाज में एकता को बढ़ावा देना है। सागवाड़ा में आयोजित यह गरबा-रास महोत्सव क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को और भी भक्तिमय बना रहा है।

होगा दशहरा, रावण परिवार के पुतले तैयार

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ गुणवंत कलाल- सीमलवाड़ा। कस्बे के विनोबा भावे खेल मैदान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व हर्षोल्लास के साथ में मनाया जाएगा। दशहरा कमेटी के पूर्व सरपंच रूपचंद भगोरा, जगदीश पंड्या, देवीलाल कलाल, राकेश शाह, हरीश पंड्या द्वारा तैयारियां पूरे जोर शोर से की जा रही है। विनोबा भावे खेल मैदान में रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुत्रों का भव्य आतिशबाजी के साथ में दहन किया जाएगा। वहीं कस्बे के गायत्री चौक से राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झांकी सजाकर खेल मैदान में पुतलों का भगवान राम द्वारा दहन किया जाएगा। वही डूंगरपुर के ईश्वर एवं विठला बासड द्वारा पुतलों को तैयार किया जा रहा है।